Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُبَيِّنَ لَكُمْ وَ يَهْدِيَكُمْ سُنَنَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَ يَتُوْبَ عَلَيْكُمْ ؕ وَ اللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: अल्लाह चाहता है कि वह तुम पर बात ख़ूब स्पष्ट कर दे और उन लोगों के मार्ग की तरफ तुम्हारा मार्गदर्शन करे जो तुम से पहले थे और तुम पर तौब: स्वीकार करते हुए झुके और अल्लाह स्थायी ज्ञान रखने वाला और हिक्मत वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 30

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

1 ज़विल हज्जा 1441 हिजरी कमरी 23 वफा 1399 हिजरी शमसी 23 जुलाई 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

गुनाह से बचने की क़ुव्वत पैदा होती है अल्लाह तआला की पकड़ के ख़ौफ़ से लेकिन वह अल्लाह की पकड़ की खौफ क्योंकर हो सकता है जब कि यह मान लिया जाए कि हमारे गुनाह यसू ने उठा लिए।

इस नियम का प्रभाव वास्तव में बहुत बुरा पड़ा। अगर यह नियम न होता तो यूरोप के देशों में इस कसरत से पाप न होता और इस तरह पर बदकारी का सैलाब न आता

हम तो नियम ही को देखेंगे। हमारे नियम में तो यह लिखा है فَمَنْ يَّعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَيْرًا يَّرَهٗ (अज़्ज़लज़ाल:8) अब उस का असर तुम ख़ुद सोच लोगे, क्या पड़ेगा। यही कि इन्सान कर्मों की ज़रूरत को महसूस करेगा और नेक कर्म करने की कोशिश करेगा।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

कफ़्फ़ारा पर ईमान लाने से इन्सान गुनाह पर दिलेर हो जाता है

अगर कोई ये कहे कि कफ़्फ़ारा पर ईमान लाने से इन्सान गुनाह की ज़िन्दगी से नजात पा सकता है और गुनाह की शक्ति इस में नहीं रहती तो यह एक ऐसी बात है जिसका कोई सबूत नहीं है इस लिए कि यह नियम ही अपनी जड़ में गुनाह रखता है। गुनाह से बचने की क़ुव्वत पैदा होती है अल्लाह तआला की पकड़ के ख़ौफ़ से लेकिन वह अल्लाह की पकड़ की खौफ क्योंकर हो सकता है जब कि यह मान लिया जाए कि हमारे गुनाह यसू ने उठा लिए। इस से हम यह नतीजा निकालते हैं कि ऐसे नियमों का इन्सान कभी मुत्तक़ी नहीं हो सकता क्योंकि वह हर एक काम को जिसकी बुनियाद तक़्वा के नियमों पर हो ज़रूरी न समझेगा। यह ख़ूब याद रखो कि दिल की पाक़ीज़गी हमेशा नियमों ही से शुरू होती है वर्ना

ख़ुबसे नफ़स न गर्दो बसालहा मालूम

फिर हम यह देखते हैं कि कफ़्फ़ारा का मसला मानने वालों ने पाक बातिनी की व्यावहारिक उदाहरण क्या स्थापित किए हैं? यूरोप के बुरे कर्म सबको मालूम हैं। शराब जो सब जुर्मों और सब ख़बासतों की मां है। इस की यूरोप में इस क़दर प्रचुरता है कि इस की नज़ीर किसी दूसरे देश में नहीं मिलती। मैं ने किसी अख़बार में पढ़ा था कि अगर लन्दन की शराब की दूकानों को एक लाईन में रखा जाए तो पछत्तर मील तक चली जाएं। जिस हालत में इन को यह शिक्षा दी गई है कि हर एक गुनाह की माफ़ी का सर्टीफ़िकेट दिया गया है और जिस क़दर गुनाह कोई करे वह माफ़ हैं। अब सोच कर ईसाई हम को जवाब दें कि इस का प्रभाव क्या पड़ेगा।

अगर नऊज़ुबिल्लाह हमारा यह नियम होता तो हम पर इस का कितना बुरा असर पड़ता। नफ़्स अम्मारा तो सहारा ही तलाश करता है जैसे शीयों ने इमाम हुसैन रज़ी अल्लाह अन्हो का सहारा ले लिया और तक़िया की आड़ में जो कुछ कह लें सो थोड़ा है। मैं इसी तक़िया और इमाम हुसैन रज़ि के फ़िद्या के नियम की बिना पर दिलेरी से कहता हूँ कि शीयों में मुत्तक़ी कम निकलेंगे। ख़लीफ़ा मुहम्मद हसन साहिब ने लिखा है कि فَدَيْنٰهُ بِذِبْحٍ عَظِيْمٍ (अस्साफ़ात:108) से जो क़ुरआन में आया है इमाम हुसैन रज़ि का शहीद होना निकलता है और इस नुक्ता पर बहुत ख़ुश हुए हैं कि मानो क़ुरआन शरीफ़ के मग़ज़ को पहुंच गए हैं।

इन की इस नुक्ता दानी पर मुझे एक सुस्त की हिकायत याद आई। वह यह है कि एक पोस्ती के पास एक लौटा था और इस में सुराख़ था। जब शौच को जाता। इस से पहले कि वह फ़ारिग़ हो कर सफाई करे सारा पानी लोटे से निकल जाता था।आख़िर कई दिन की सोच और फ़िक्र के बाद इस ने यह स्कीम निकाली कि पहले सफाई ही कर लिया करें और अपनी इस तजवीज़ पर बहुत ही ख़ुश हुआ। इसी किस्म का नुक्ता और नुस्ख़ा उनको मिला है। जो فَدَيْنٰهُ بِذِبْحٍ عَظِيْمٍ (अलस्सफ़ात:108) से इमाम हुसैन रज़ि की शहादत निकालते हैं। शीया लोगों की मस्जिदें तक तो साफ़ नहीं रह सकती हैं। हम एक शीया उस्ताद से पढ़ा करते थे और वहां कुत्ते पेशाब तथा पाख़ाना कर जाते थे और मुझे याद नहीं है कि किसी ने कभी वहां नमाज़ पढ़ी हो। शीया यही कहते हैं कि हमारे लिए इमाम हुसैन रज़ि और अहले बैत शहीद हो चुके हैं। इन के ग़म में रो लेना और मातम कर लेना बस यही काफ़ी है। जन्नत के लिए और किसी कर्म की सिवाए उस के ज़रूरत नहीं और ऐसा ही ईसाई कहते हैं कि मसीह का ख़ून हमारे लिए नजात देने वाला हुआ।अब हम पूछते हैं कि अगर तुम्हारे गुनाहों पर भी बाज़पुरस होनी है और तुम्हें भी उनकी सज़ा भुगतनी है तो फिर ये नजात कैसी है?

इस नियम का प्रभाव वास्तव में बहुत बुरा पड़ा। अगर यह नियम न होता तो यूरोप के देशों में इस कसरत से पाप न होता और इस तरह पर बदकारी का सैलाब न आता जैसे अब आया हुआ है। लंडन और पैरस के होटलों और पार्कों में जा कर देखो क्या हो रहा है और उन लोगों से पूछो जो वहां से आते हैं। आए दिन अख़बारों में इन बच्चों की सूचियां जिनका जन्म नाजायज़ जन्म होता है, प्रकाशित होती हैं।

कफ़्फ़ारा क़ुदरत के कानून के ख़िलाफ़ है

हम तो नियम ही को देखेंगे। हमारे नियम में तो यह लिखा है فَمَنْ يَّعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَيْرًا يَّرَهٗ (अज़्ज़लज़ाल:8) अब उस का असर तुम ख़ुद सोच लोगे, क्या पड़ेगा। यही कि इन्सान कर्मों की ज़रूरत को महसूस करेगा और नेक कर्म करने की कोशिश करेगा। इस के विपरीत उस के जब यह कहा जाएगा कि इन्सान कर्मों से नजात नहीं पा सकता। तो यह नियम इन्सान की हिम्मत और कोशिश को गिरा देगा और इस को बिलकुल मायूस कर के असहाय बना देगा। इस से यह भी पता चलता है कि कफ़्फ़ारा का नियम इन्सानी शक्तियों का भी अपमान करता है क्योंकि अल्लाह तआला ने इन्सान की शक्तियों में एक तरक़्क़ी का माद्दा रखा है लेकिन कफ़्फ़ारा उस को तरक़्क़ी से रोकता है अभी मैं ने कहा है कि कफ़्फ़ारा पर विश्वास रखने वालों के हालात आज़ादी और बे क़ैदी को जो देखते हैं तो यह उसी नियम की वजह से है कि कुत्ते और कुत्तियों की तरह ज़ना होते हैं। लन्दन के हाईड पार्क में एलान के साथ हराम होता है और हरामी बच्चे पैदा होते हैं। अत: हमको सिर्फ़ ज़बानी बात तक ही सीमित न रखना चाहिए। बल्कि कर्म साथ होने चाहिएं। जो कर्मों की ज़रूरत नहीं समझता वह सख़्त आख़रत की परवाह न करने वाला और नादान है। कानून क़ुदरत में कर्मों

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-12)

मस्जिद का उद्देश्य एक ख़ुदा की इबादत है, चाहे कोई किसी भी धर्म से सम्बन्ध रखता हो

आँहज़रत सल्ल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नजरान के ईसाईयों को मस्जिद नबवी में इबादत करने का स्थान दिया था,हमारी मस्जिदें प्रत्येक के लिए खुली हैं जब इच्छा हो आए।

हम इस्लाम धर्म पर यक़ीन रखने वाले हैं जो आँहज़रत सल्ल्लाहो अलैहि वसल्लम लेकर आए थे और इस धर्म का सार यह है कि समस्त ताक़तों का मालिक एक ख़ुदा है, आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को आख़िरी शरई नबी समझना, आप के बाद कोई नई शरीयत नहीं आसकती और क़ुरआन करीम को आख़िरी शरई किताब समझना और जो इस में हुक्म दिए गए हैं, इन समस्त पर अनुकरण करना।

एक प्रैस कान्फ्रैंस में फ्रांस के मशहूर अख़बार DNA को हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह का इंटरव्यू।

इस्लाम हरगिज़ अग्रवाद का धर्म नहीं और इस्लाम हर धर्म के मानने वाले को इस का हक़ देता है। इस्लाम में पड़ोसी के अधिकार हैं

लेकिन इस्लाम की जो शिक्षा देता है वह यह कहती है कि अपने पड़ोसी का इस हद तक विचार रखो कि जिस तरह तुम अपने किसी क़रीबी अज़ीज़ का रखते हो।

अगर आप में से किसी के ज़ेहन में कोई फ़िक्र है कि शायद अहमदी मुसलमान यहां आकर, इस मस्जिद को बना कर किसी किस्म के फ़ित्ने का कारण न बनें तो याद रखें कि इन्शा अल्लाह तआला हम फ़ित्ने का कारण नहीं बनेंगे बल्कि आप लोगों की सेवा करने वाले और इस देश के क़ानून की पाबंदी करने वाले होंगे और इन्शा अल्लाह वही वास्तविक इस्लामी शिक्षा यहां फैलाने वाले होंगे, अपने अनुकरण से दिखाने वाले होंगे जो हमें हज़रत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सिखाई और जो क़ुरआन करीम ने सिखाई।

मस्जिद महदी (सस्ट्रासबर्ग)के उद्घाटन के अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का ईमान वर्धक ख़िताब तथा मेहमानों के विचार

(रिपोर्ट अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

फ़ैमिली मुलाक़ातें

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार 6 बजकर 45 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और फैमेलीज़ मुलाक़ातों का प्रोग्राम शुरू हुआ। आज शाम के इस सैशन में 28 फ़ैमिलीज़ के 97 लोगों और इसके अतिरिक्त 10 लोगों ने व्यक्तगित तौर पर अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। मुलाक़ात करने वाली यह फ़ैमिलीज़ और लोगों स्टरास बर्ग की जमाअत के अतिरिक्त पैरिस,Epernay, Yvelines, Lyon Saint Denis और Lille से आए थे। इस के अतिरिक्त जर्मनी से आने वाली एक औरत ने भी मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। कई फ़ैमिलीज़ मुलाक़ात को लिए बड़े लंबे और दूर से सफ़र तय कर के आई थीं। Epernay से आने वाली 355 किलोमीटर, पैरिस से आने वाले 490 किलोमीटर जबकि Lyon से आने वाले 495 किलोमीटर और Lille से आने वाले लोगों और फ़ैमिलीज़ 525 किलोमीटर की दूरी तय कर के पहुंची थीं।

इन सभी ने प्यारे आक़ा के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुए शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और छात्राओं को क़लम प्रदान फरमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान फरमाए। मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम 8 बजकर 20 मिनट तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद मुबारक तशरीफ़ ला कर नमाज़ मग़रिब इशा जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

12 अक्तूबर 2019 ई(दिनांक हफ़्ता)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर मस्जिद महदी तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ दफ़्तरी उमूर की पूरा करने में व्यस्त रहे। 1 बजकर 45 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और आदरणीय मुबारक अहमद ज़फ़र साहिब ऐडीशनल वकीलुल माल लंदन ने हुज़ूर अनवर से दफ़्तरी मुलाक़ात का सौभाग्य पाया।

इस के बाद 2 बजकर 5 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद महदी तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा अस्र जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

मस्जिद महदी का उद्घाटन आयोजन

आज प्रोग्राम के अनुसार "मस्जिद महदी' के उद्घाटन के हवाला से एक आयोजन का आयोजन मस्जिद महदी से जुड़े हुए हाल में किया गया था। इस आयोजन में सामूहिक तौर पर 191 मेहमान शामिल हुए। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से आशा से बहुत अधिक मेहमान आए। इन मेहमानों में

मैंबर नैशनल पार्लीमैंटMs.Martine Wonner Hurtigheim
Mr. Jean- Jacques Ruch डिप्टी मेयर आफ़Hurtigheim
Mr. Rene Urban डिप्टी आ फ़ुHurtigheim
Mr. Claude Grimm मेयर आफ़Quatzenheim
Mr. Christian Libert मेयर आफ़ Kienheim
Mr. Luc Ginzc चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट कोंसलि
Mr. Justin Vogel वाइस प्रैज़ीडैंट आफ़ काओनटी
Mr. Etienne Burger
शामिल थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि भी जिन में
Mr. Christian Albecker प्रैज़ीडैंट आफ़ एसोसीएशन क्रिस्चन प्रोटेस्टंटस Alsace Moselle
Mme la Pasteur Claire de Lattre - Duchet
महोदया Hurtigheim चर्च की औरत मिनिस्टर हैं
मैंबर आफ़ इंस्टी टीवशं Tibetian Buddhists
Mr. Dominique Lejonne
Mr. Michael O'Boyle
(Bhakti Mandir - Hindu)
Mr. Ernest Winstein (प्रैज़ीडैंट यूनीयन आफ़ लिबरल परोटीसटनट)

शामिल थे। इस के अतिरिक्त विभिन्न एसोसीएशन के सदरान , वुकला, आर्कीटेक्ट, प्रोफ़ैसर्ज़, डाक्टरज़, टीचरज़, बिज़नस मैन और ज़िन्दगी के विभिन्न विभागों से सम्बन्ध रखने वाले लोग शामिल थे।

हुज़ूर अनवर को आफ़ आनर्न

प्रोग्राम के अनुसार इस आयोजन में शामिल होने के लिए 3 बजकर 10 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह से बाहर तशरीफ़ लाए। हाल से बाहर दूसरे विश्वयुद्ध में शामिल होने वाले फ़ौजी

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आरम्भिक सहाबा की क़ुर्बानियां बहुत ज़्यादा थीं उनका मुक़ाबला ही नहीं किया जा सकता।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के बारे में फ़रमाया कि वह मुस्लमानों के सरदारों के सरदार हैं और यह भी फ़रमाया कि अब्दुर्रहमान आसमान में भी अमीन है और ज़मीन में भी अमीन है

जंग उहद के दिन जब लोगों के पांव उखड़ गए तो हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ दृढ़ संकल्प रहे।

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को यह सआदत भी मिली कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके पीछे नमाज़ पढ़ी। फ़रमाया कि नबी का तुम्हारे पीछे नमाज़ पढ़ना इस बात की भी तसदीक़ है कि तुम नेक आदमी हो।

अशरा मुबशरा में शामिल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान बदरी सहाबी हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ी अल्लाह अन्हो के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन।

जो अशरा मबशरा में से थे जिन को जन्नत की बिशारतें भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दी थी लेकिन फिर भी उन लोगों में ख़ुदा तआला का ख़ौफ़ और ख़शीयत इतनी थी कि हर समय फ़िक्र में रहते थे

मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह फ़रमाते हुए सुना है कि

जब तुम किसी जगह के बारे में सुनो कि वहां कोई महामारी फूट पड़ी है तो वहां मत जाओ और अगर कोई बीमारी किसी ऐसी जगह पर फूट पड़े जहां तुम रहते हो तो वहां से फ़रार होते हुए बाहर मत निकलो।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 19 जून 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक़ इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

गुज़शता ख़ुत्बा में हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि का वर्णन हो रहा था और इस का कुछ हिस्सा रह गया था जो आज मैं वर्णन करूँगा। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के उमय्या बिन ख़लफ के साथ पुराने दोस्ताना सम्बन्ध थे। इस के बारे में एक विस्तार से घटना सही बुख़ारी में वर्णन हुआ है जिसमें हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि वर्णन करते हैं कि मैं ने उमय्या बिन ख़लफ़ को ख़त लिखा कि वह मक्का में मेरे माल और जायदाद की हिफ़ाज़त करे और मैं इस के माल तथा सामान की मदीना में हिफ़ाज़त करूँगा। जब मैं ने अपना नाम अब्दुर्रहमान लिखा तो उम्मय: ने कहा कि मैं अब्दुर्रहमान को नहीं जानता। तुम मुझे अपना वह नाम बताओ, वह नाम लिखो जो जाहलियत में था। कहते हैं कि इस पर मैं ने अपना नाम अब्द अमरो लिखा। जब वह बदर की जंग में था तो मैं एक पहाड़ी की तरफ़ निकल गया जबकि लोग सो चुके थे ताकि मैं इस की हिफ़ाज़त करूँ तो बिलाल रज़ि ने उसे कहीं देख लिया। अत: हज़रत बिलाल रज़ि गए और अन्सार की एक मज्लिस में खड़े हो गए और कहने लगे कि यह उम्मय बिन ख़लफ़ है। अगर यह बच निकला तो मेरी ख़ैर नहीं। इस पर हज़रत बिलाल रज़ि के कुछ लोग हमारे अर्थात हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि और उम्मय बिन ख़लफ के पीछा में निकले क्योंकि यह उस को बचाने के लिए निकले थे, पनाह में लेने के लिए निकले थे। कहते हैं कि मैं डरा कि वे हमें पा लेंगे। हमें पकड़ लेंगे इसलिए मैंने इस के बेटे को इस के लिए पीछे छोड़ दिया कि वह उस के साथ लड़ाई में व्यस्त हो जाएं अर्थात बेटे के साथ वे मुस्लमान लोग जो पीछे आ रहे थे लड़ाई में व्यस्त हो जाएं और हम ज़रा आगे निकल जाएं। मैं उनको सुरक्षित जगह पर ले जाऊं। अत: उन्होंने इस को मार डाला। इस के बेटे को उन लोगों ने मार डाला। फिर कहते हैं कि उन्होंने मेरा दाव कारगर न होने दिया और हमारा पीछा किया। उमय्या चूँकि भारी भरकम आदमी था इसलिए शीघ्र इधर उधर न हो सका। आख़िर जब उन्होंने हमें पा लिया तो मैंने उसे कहा बैठ जाओ तो वह बैठ गया। मैंने अपने आपको इस पर डाल दिया कि उसे बचाऊं तो उन्होंने मेरे नीचे से इस के बदन में तलवारें घोंपें यहां तक कि उसे मार डाला। उनमें से एक की तलवार से मेरे पांव पर भी ज़ख़्म आ गया।

(सही अलबख़ारी किताबुल वकाल बाब इज़ा वकलल मुस्लिम हरबया फ़ी दारुल हर्ब हदीस 2301)

तारीख़ तिबरी में इस का विस्तार यूं वर्णन है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि वर्णन करते हैं कि मक्का में उम्मय: बिन ख़लफ़ मेरा दोस्त था। इस वक़्त मेरा नाम अब्द अमरो था। मक्का ही में जब मैं इस्लाम लाया तो मेरा नाम अब्दुर्रहमान रखा गया। इस के बाद वहीं जब कभी वह मुझ से मिलता तो कहता हे अब्द अमरो !क्या तुम अपने बाप के रखे हुए नाम से मुंह मोड़ते हो? मैं कहता हाँ। इस पर वह कहता मगर मैं रहमान को नहीं जानता। मुनासिब यह है कि कोई और नाम चुन लो इस से मैं तुम्हें सम्बोधित करूँगा क्योंकि अपने पहले नाम पर तुम मुझे जवाब नहीं देते और जिस बात से मैं नावाक़िफ़ हूँ उस के नाम के साथ में तुम्हें नहीं पुकारूँगा। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि कहते हैं कि जब वह मुझे 'हे अब्द अमरो! कह कर पुकारता तो मैं उसे जवाब नहीं देता था। मैं ने कहा कि हे अबू अली इस के बारे में तुम जो चाहो निर्धारित कर दो। यह जो है यह पुराना नाम है तो मैं इस का जवाब नहीं दूँगा। उसने कहा अच्छा तुम्हारा नाम अब्दे इलाह बेहतर होगा। मैं ने कहा अच्छा। अत: उस के बाद जब में और वह मिलते तो वो मुझे अब्द इलाह के नाम से पुकारता। मैं उसे जवाब देता और इस से बातें करता यहां तक कि बदर का दिन आ गया। मैं उम्मय: के पास से गुज़रा। वह अपने बेटे अली बिन उम्मय: का हाथ थामे खड़ा था। मेरे पास कई ज़िरहें थीं जिन्हें मैंने हासिल किया था। मैं उनको लिए जा रहा था। उसने मुझे देखकर आवाज़ दी कि हे अब्द अमरो मैं ने कोई जवाब नहीं दिया। तब उसने कहा हे अब्द इलाह मैं ने कहा हाँ क्या कहते हो। उसने कहा क्या मैं तुम्हारे लिए इन ज़िराओं से जिनको तुम लिए जा रहे हो ज़्यादा बेहतर नहीं हूँ? मैं ने कहा अगर ऐसा ही है तो आ जाओ। मैं ने ज़िरहें वहां फेंक दीं अर्थात उसे पनाह देने के लिए और इस का और इस के बेटे अली का हाथ पकड़ लिया तो वह कहने लगा आज के जैसा दिन मेरे देखने में नहीं आया। जैसा कि आज दिन गुज़रा है मैं ने कभी नहीं देखा। बहरहाल वह कहते हैं कि मैं इन दोनों को साथ लेकर चल दिया। मैं बाप बेटे के बीच में उनका हाथ पकड़े हुए चला जा रहा था। उम्मय: ने मुझ से पूछा कि हे अब्द इलाह तुम में वह कौन है जिसके सीने पर शुतुरमुर्ग का पर बतौर निशान लगा हुआ था। मैं ने कहा वह हमज़ा बिन अब्दुल मुतलिब रज़ि है। उसने कहा हमारी यह हालत उसी की बदौलत है। यह जो हमारा बुरा हाल हुआ है इस की बदौलत है। बहरहाल कहते हैं मैं उनको लिए चला जा रहा था कि बिलाल रज़ि ने उसे मेरे साथ देख लिया। यह उम्मय: मक्का में हज़रत बिलाल रज़ि को तकलीफें देता था ताकि कि वह इस्लाम तर्क कर दें। वह उनको मक्का की साफ़ चट्टान पर जब वह धूप से ख़ूब तप जाती ले जाता और इस पर उनको पीठ के बल लिटा देता। फिर एक बड़े पत्थर के बारे में हुक्म देता जिस पर वह पत्थर उन के सीने पर रख दिया जाता और फिर कहता कि जब तक तू मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के धर्म को तर्क नहीं करेगा तुझे सज़ा मिलती रहेगी मगर बावजूद इस अज़ाब के बिलाल यही कहते 'उहद, उहद'। अर्थात वह एक है, वह एक है। इसलिए अब जब

उस की नज़र इस पर पड़ी अर्थात हज़रत बिलाल रज़ि की उम्मय: पर जब नज़र पड़ी तो कहने लगे कि उम्मय: बिन खिलफ कुफ्र का सरग़ना है। मैं नजात न पांऊं अगर यह बच जाए। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने कहा हे बिलाल ! यह दोनों मेरे क़ैदी हैं। बिलाल रज़ि ने फिर कहा मैं नजात ना पांव अगर यह बच जाए। हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने हज़रत बिलाल रज़ि से कहा हे इब्न सौदा तुम सुनते हो। बिलाल ने फिर कहा मैं नजात न पाऊं अगर यह बच जाए। फिर हज़रत बिलाल रज़ि ने निहायत ज़ोर से चला कर कहा हे अल्लाह के अंसार यह कुफ़्फ़ार का सरग़ना उम्मय: बिन ख़लफ़ है। मैं हलाक हो जाऊं अगर यह बच जाए। उनकी इस आवाज़ पर लोगों ने हमें हर तरफ़ से घेर लिया और क़ैद सा कर लिया। मैं उसे बचाने लगा। एक शख़्स ने इस के बेटे पर तलवार मारी और वह गिर पड़ा। इस वक़्त उम्मय: ने इस ज़ोर से चीख़ मारी कि मैंने इस जैसी कभी नहीं सुनी। मैंने कहा भाग जाओ मगर भाग नहीं सकते। अल्लाह की क़सम मैं तेरे किसी काम नहीं आ सकता। इतने में हमला करने वालों ने इन दोनों पर अपनी तलवारों से हमला किया यहां तक कि इन दोनों का काम तमाम कर दिया। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि कहा करते थे कि अल्लाह तआला बिलाल रज़ि पर रहम करे। मेरी ज़िरहें भी गईं और क़ैदी को उन्होंने ज़बरदस्ती मुझ से छीन लिया।

(तारीख़ अत्तिबरी भाग 2 पृष्ठ 35 बाब ज़िक्र वाकअत बदर अलकुबरा प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1987 ई)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि जंग उहद में भी शामिल हुए। जंग उहद के दिन जब लोगों के पांव उखड़ गए तो हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ साबित-क़दम रहे।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न सअद भाग 3 पृष्ठ 95 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1990 ई)

जंग उहद के दिन हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को इक्कीस ज़ख़्म आए और पांव में ऐसा ज़ख़्म आया कि आप लंगड़ा कर चलते थे और सामने के दो दाँत भी शहीद हुए।

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ476 अब्दुर्रहमान बिन औफ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत)

हज़रत इब्ने उमर वर्णन करते हैं कि शाबान छ: हिज्री में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के नेतृत्व में सात सौ आदमियों को दूमतुल जन्दल की तरफ़ भेजा। अपने मुबारक हाथ से हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने काले रंग की पगड़ी उनके सिर पर बाँधी जिसका शिमला उनके कंधों के बीच रखा। फिर आप ने फ़रमाया अबू मुहम्मद मुझे दूअतुल जन्दल की तरफ़ से चिन्ताजन्क ख़बरें आ रही हैं। वहां मदीना पर हमला करने के लिए लश्कर जमा हो रहा है। तुम अल्लाह की राह में जिहाद के लिए इधर रवाना हो जाओ। सात सौ मुजाहिद तुम्हारे साथ जाऐंगे। दूअतुल जन्दल पहुंच कर वहां के सरदार और इस के क़बीला कलब को पहले इस्लाम की दावत देना लेकिन अगर लड़ाई की नौबत आए तो देखना किसी को धोखा न देना। ख़यानत और वादा न तोड़ना। बच्चों और औरतों को क़त्ल न करना और ख़ुदा के बाग़ियों से दुनिया को पाक कर देना। इन सावधानियों के साथ फिर जंग की इजाज़त है। अत: हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने दूअतुल जंदल पहुंच कर उनको तीन दिन तक इस्लाम की दावत दी। वे तीन दिन तक इन्कार करते रहे। फिर असबग़ बिन अम्रो कल्बी जो ईसाई था और उनका सरदार था उसने इस्लाम क़बूल किया। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सारा हाल लिखा। आप ने फ़रमाया कि इस सरदार की बेटी तुमाज़िर से शादी कर लो। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने इस से शादी की और इस के साथ मदीना वापस आए। तुमाज़िर बाद में उम्मे सलमा कहलाईं।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 106)

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न सअद भाग 3 पृष्ठ 96 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत)

(अशरा मुबशरा बशीर साजिद पृष्ठ 875 अलबदर पब्लेकेशनज़ लाहौर)

उम्र बिन अब्दु अलीज़ वर्णन करते हैं कि चौदह हिज्री में जंग जिस के अवसर पर हज़रत उमर रज़ि को जब हज़रत अबू उबैदह बिन मसूद रज़ि की शहादत की सूचना मिली। यह जो जंग जसर है पहले भी यह वर्णन हो चुकी है। फ़ारसियों के एक हाथी ने उनको कुचल दिया था। बहरहाल जब सूचना मिली और मालूम हुआ कि फ़ारस वालों ने ऑले किसरा में से एक शख़्स को तलाश कर के अपना बादशाह बनाया है तो आपने मुहाजिरीन और अन्सार को जिहाद के लिए आवाज़ दी और मदीना से रवाना हो कर सिरार स्थान पर निवास किया। सिरार मदीना के एक पहाड़ का नाम है। यह मदीना से तीन मील के दूरी पर इराक़ के रास्ते पर स्थित जगह है। बहरहाल वहां आपने निवास किया और हज़रत तलहा बिन उबैदुल्लाह को आगे रवाना किया ताकि वह अअवस पहुंच जाएं। आपने मैमन: अर्थात फ़ौज का जो दायाँ बाज़ू था इस पर हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को और मैयसरह जो फ़ौज का बायां बाज़ू था इस पर ज़ुबैर बिन अवाम रज़ि को निर्धारित फ़रमाया और हज़रत अली रज़ि को मदीना में अपना क़ायमक़ाम निर्धारित कर आए थे। हज़रत उमर रज़ि ने लोगों से मश्वरा किया। सब ने आपको फ़ारस जाने का मश्वरा दिया। यह क़ाफ़ला जब रवाना हुआ था तो सिरार आने तक हज़रत उमर रज़ि ने किसी से मश्वरा नहीं किया था। यहां पहुंच कर आपने मश्वरा किया। हज़रत तलहा रज़ि वापस आए तो वह भी उन लोगों के साथ थे। पहले हज़रत तलहा रज़ि वहां नहीं थे। जब वापस आए तो उन्होंने कहा ठीक है आगे जाना चाहिए। मगर हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि उन लोगों में से थे जिन्हों ने आप को जाने से रोका और रोकने की वजह वर्णन करते हुए हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने कहा कि आज से पहले मैंने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सिवा किसी पर अपने माँ बाप को क़ुर्बान नहीं किया और न उस के बाद कभी ऐसा करूँगा मगर आज कहता हूँ कि हे वह कि जिस पर मेरे माँ बाप फ़िदा हों इस मामला का आख़िरी फ़ैसला आप मुझ पर छोड़ दें। हज़रत उमर रज़ि जो उस वक़्त ख़लीफ़ा थे आपने उनको यह जवाब दिया। आप वहां अर्थात सिरार के स्थान पर रुक जाएं और एक बड़े लश्कर को रवाना फ़र्मा दें। शुरू से लेकर अब तक आप देख चुके हैं कि आपके लश्करों के बारे में अल्लाह तआला का क्या फ़ैसला रहा है। अगर आपकी फ़ौज ने शिकस्त खाई तो वह आपकी शिकस्त की तरह न होगी। उन्होंने कहा ,जवाज़ पेश किया कि अगर आरम्भ में आप क़त्ल हो गए या शिकस्त खा गए तो मुझे अंदेशा है कि फिर मुस्लमान कभी तक़बीर नहीं पढ़ सकेंगे और न ही ला-इलाह इल्ला इल्लल्लाह की शहादत दे सकेंगे। इस वक़्त जब यह सारी बातें हो रही थीं तो हज़रत उमर रज़ि किसी शख़्स की तलाश में थे जिस को फ़ौज का कमांडर बना कर भेजा जाए। इसी दौरान उनकी ख़िदमत में, हज़रत उमर रज़ि की ख़िदमत में हज़रत सअद रज़ि का ख़त आया। हज़रत सअद रज़ि उस वक़्त नजद के सदक़ों पर मामूर थे। हज़रत उमर रज़ि ने अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि की बातें सुन के फ़रमाया अच्छा फिर मुझे कोई आदमी बतलाओ किस को बनाया जाए? किस के सपुर्द किया जाए? हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने कहा कि आदमी तो आपको मिल गया। हज़रत उमर रज़ि ने पूछा वह कौन है? हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने कहा कछार का शेर सअद बिन मालिक रज़ि। अर्थात यह बहुत बहादुर इन्सान है। बड़ा अच्छा कमांडर है। इस को कमांडर बना के भेजें। बाक़ी लोगों ने भी इस मश्वरे का समर्थन किया। यह भी तारीख़ तिबरी का हवाला है।

(तारीख़ तिबरी भाग 3 पृष्ठ 381-382 बाब ज़िक्र अमर अल-कादसिया प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1987 ई)

(अल-कामिल फ़ी तारीख़ भाग 2 पृष्ठ 287 सन् 13 ज़िक्र वकअ कस अन्नातिफ प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 2003 ई)

(फ़र्हंग सीरत सय्यद फ़ज़लुर्रहमान पृष्ठ 172 ज़व्वार अकैडमी कराची 2003 ई)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना में विभिन्न क़बीलों और सहाबा को रिहायश के लिए जगह प्रदान की। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के क़बीला को मस्जिद नबवी के पीछे में ख़जूरों के एक झुण्ड में रिहायश के लिए ज़मीन प्रदान की। फिर हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि और हज़रत उमर रज़ि को बतौर जागीर भी ज़मीन प्रदान फ़रमाई। आले उम्र से यह जागीर फिर हज़रत ज़ुबेर रज़ि ने ख़रीद ली। हज़रत उमर रज़ि की औलाद से फिर यह जागीर हज़रत ज़ुबेर रज़ि ने ख़रीद ली। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि से वादा भी फ़रमाया कि अल्लाह तआला जब मुस्लमानों के हाथ पर शाम फ़तह करेगा तो तुम्हारे लिए अमुक़ हिस्सा ज़मीन होगा। अत: हज़रत उमर रज़ि के ख़िलाफ़त के युग में जब मुल्क शाम में इस्लाम को विजय मिलीं तो हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को उनकी ज़मीन दी गई। इस इलाक़े का नाम सलील था जहां उन्हें ज़मीन देने का वादा दिया गया था।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ105-106)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को यह सआदत भी मिली कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके पीछे नमाज़ पढ़ी। अत: हज़रत मुग़ीरह रज़ि

ने वर्णन किया कि वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ जंग तबूक में शरीक हुए। हज़रत मुग़ीरह रज़ि कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम शौच के लिए फ़ज्र की नमाज़ से पहले तशरीफ़ ले गए। मैंने आप के साथ पानी का मश्कीज़ा उठाया। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरी तरफ़ वापस आए जहां मैं दूरी पर खड़ा था तो मैं मश्कीज़ा से आप के हाथों पर पानी डालने लगा और आप ने दोनों हाथ तीन बार धोए। फिर आप ने अपना मुबारक चेहरा धोया। फिर आप अपने बाज़ुओं को अपने जुब्बे से बाहर निकालने लगे लेकिन जुब्बा की आसतीनें तंग थीं इसलिए अपने हाथ जुब्बे के अंदर दाख़िल किए और अपने बाज़ूऊं को जुब्बे के नीचे से निकाल कर कोहनियों तक धोए। फिर आप ने अपने मौज़ूं पर मस्ह कर के उनको साफ़ किया। फिर आगे चल पड़े। मुग़ीरह रज़ि कहते हैं मैं भी आप के साथ आगे चला यहां तक कि हमने लोगों को पाया कि वह हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को आगे कर चुके थे और वह उनको नमाज़ पढ़ा रहे थे। तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दो में से एक रकअत पाई अर्थात उस वक़्त तक फ़ज्र की नमाज़ की एक रकअत हो चुकी थी। दूसरी रकात थी सफ़ में खड़े हो गए और आप ने दूसरी रकअत लोगों के साथ पढ़ी। जब अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने सलाम फेरा और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी नमाज़ पूरी करने के लिए खड़े हुए। दूसरी रकअत जो रह गई थी पूरी करने के लिए खड़े हुए तो इस बात ने मुस्लमानों में घबराहट पैदा कर दी और बहुत अधिक तस्बीह करने लगे। जब नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी नमाज़ ख़त्म कर ली तो लोगों की तरफ़ ध्यान दिया और फ़रमाया तुमने ठीक किया या यह कहा कि अच्छा किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नमाज़ अपने वक़्त पर अदा करने की वजह से उन पर रशक़ का इज़हार किया कि बहुत अच्छा किया। हज़रत मुग़ैरह रज़ि कहते हैं कि जब हम पहुंचे थे तो उस वक़्त मैंने इरादा किया था कि हज़रत अब्दुर्रहमान को पीछे कर दूं मगर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया रहने दो। उनको नमाज़ पढ़ाने दो। नमाज़ के बाद हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि हर नबी अपनी ज़िन्दगी में उम्मत के किसी नेक आदमी के पीछे नमाज़ ज़रूर पढ़ता है।

(सही मुस्लिम किताबुस्सलात बाब तक़दीम अलजमाइ मन युसल्ली बिहिम इज़ा ताख़्ख़ुर अल्इमाम हदीस 274)

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न सअद भाग 3 पृष्ठ 95 मन बनी ज़हर बिन किलाब दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1990 ई)

एक और बड़ा सम्मान आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप को बख़्शा। न सिर्फ यह कहा कि बड़ा अच्छा है, नमाज़ पढ़ाई बल्कि यह भी फ़रमाया कि नबी का, मेरा तुम्हारे पीछे नमाज़ पढ़ना इस बात की भी तसदीक़ है कि तुम नेक आदमी हो।

एक रिवायत में है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ज़ुहर से पहले लम्बी नमाज़ पढ़ा करते थे अर्थात नफ़ल पढ़ा करते थे। जब अज़ान सुनते तो फ़ौरन नमाज़ के लिए तशरीफ़ ले आते।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 107)

एक रावी वर्णन करते हैं कि मैंने देखा अब्दुर्रहमान रज़ि ख़ाना काबा का तवाफ़ कर रहे हैं और यह दुआ कर रहे हैं कि 'अल्लाह मुझे नफ़्स के बुख़ल से बचाइयो।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ110)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि की रिवायत है कि जिस साल हज़रत उमर रज़ि ख़लीफ़ा चुने गए इस साल आपने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को अमीर हज निर्धारित किया था।

(तारीख़ अत्तिबरी भाग 3 पृष्ठ379-380 बाब ज़िक्र इब्तिदा अमर अल-क़ादसिया प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1987 ई)

अबू सलमा बिन अब्दुर्रहमान रज़ि से रिवायत है। वह वर्णन करते हैं कि एक बार हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जूऊं की प्रचुरता की शिकायत लेकर हाज़िर हुए और निवेदन किया हे रसूलुल्लाह क्या आप मुझे इजाज़त फ़रमाएँगे कि मैं रेशमी लिबास पहन लूं। इस वक़्त किसी वजह से जुएँ पैदा हो गईं। सिर में शायद पैदा हो गई होंगी। आम जो सादा कपास का लिबास है इस में ख़त्म नहीं हो रही थीं तो उस वक़्त आपने इजाज़त ली कि रेशमी लिबास पहन लूं। इस से ज़रा बचत हो जाती है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको इजाज़त प्रदान फ़र्मा दी कि ठीक है पहन लिया करो। जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ि वफ़ात पा गए और हज़रत उमर रज़ि खिलाफ़त पर निर्वाचित हुए तो हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि अपने बेटे अबू सलमा के साथ हज़रत उमर रज़ि के पास हाज़िर हुए। अबू सलमा ने रेशमी क़मीज़ पहन रखी थी। हज़रत उमर रज़ि ने फ़रमाया यह क्या पहन रखा है? फिर उन्होंने अर्थात हज़रत उमर रज़ि ने अबू सलमा के गिरेबान में हाथ डाल कर क़मीज़ फाड़ दी। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने हज़रत उमर रज़ि से कहा क्या आपको मालूम नहीं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे इजाज़त इनायत फ़रमाई थी। तो हज़रत उमर रज़ि ने फ़रमाया आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आपको इसलिए इजाज़त प्रदान फ़रमाई थी कि आपने उनके हुज़ूर जूओं की शिकायत की थी। यह इजाज़त आपके सिवा किसी के लिए नहीं है।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न सअद भाग 3 पृष्ठ 96 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1990 ई)

सअद बिन इब्राहीम से रिवायत है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि एक चादर पहना करते थे या किसी वक़्त एक चादर पहनी हुई थी जिसकी क़ीमत चार या पाँच सौ दिरहम थी।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्न सअद भाग 3 पृष्ठ 97 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1990 ई)

अर्थात ऐसे हालात थे कि इंतिहाई क़ीमती लिबास भी पहनते थे। अर्थात अल्लाह तआला के फ़ज़ल देखें कि जब हिजरत की तो कुछ भी पास नहीं था लेकिन इस के बाद क़ीमती लिबास भी पहना और बेशुमार जायदाद भी अल्लाह तआला ने उनके लिए पैदा कर दी।

हज़रत अबू बकर रज़ि ने अपनी मौत की बीमारी के समय हज़रत उमर रज़ि को अपने बाद ख़लीफ़ा निर्धारित कर दिया था। जब आपने इस का इरादा किया था उस वक़्त हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को बुलाया और उनसे कहा कि बताओ उमर रज़ि के बारे में तुम्हारी क्या राय है? हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने कहा हे ख़लीफ़ रसूल !वह औरों की तुलना में आपकी राय से भी अफ़ज़ल हैं मगर उनके मिज़ाज में ज़रा तेज़ी है। हज़रत अबूबकर रज़ि ने कहा कि यह तेज़ी इस वजह से थी कि वह मुझ को नर्म देखते थे। मैं बहुत नर्म था इसलिए वह ज़रा तेज़ी दिखाते थे ताकि मामला balanced रहे। फिर हज़रत अबू बकर रज़ि ने फ़रमाया कि जब मामला उनके सपुर्द होगा तो इस किस्म की अक्सर बातें वह छोड़ देंगे। फिर इस में शिद्दत नहीं देखोगे। फिर फ़रमाया हे अबी मुहम्मद मैंने उनको ध्यान से देखा है कि जिस वक़्त किसी शख़्स पर किसी मामला में मैं ग़ज़बनाक होता था अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ि फ़र्मा रहे हैं जब मुझे किसी बात पर ग़ुस्सा आता था तो उमर मुझ को उसी पर राज़ी होने का मश्वरा देते थे। इस वक़्त हज़रत उमर रज़ि का मश्वरा नरमी का होता था। और जब कभी में किसी पर नर्म होता था तो मुझको इस पर सख़्ती करने का मश्वरा देते थे। फिर हज़रत अबू बकर रज़ि ने फ़रमाया कि हे अबू मुहम्मद यह बातें जो मैं ने तुमसे कही हैं तुम उनका किसी और से ज़िक्र न करना। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने कहा अच्छा।

(तारीख़ अत्तिबरी भाग 3 ज़िक्र इस्तख़लाफ़ा उम्र बिन ख़ताब पृष्ठ 352 प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1987 ई)

फ़तह मक्का के बाद जब हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने विभिन्न तरफ़ कुछ वफ़ूद भेजे तो हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ि को बनू जज़ीमह: की तरफ़ भेजा। बनू जज़ीमह: जाहिलियत में हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के पिता औफ़ और हज़रत ख़ालिद के चाचा फ़ाकिह बिन मुग़ीरह का क़तल किया था। हज़रत ख़ालिद से वहां ग़लती से इस क़बीला के एक शख़्स का क़तल हो गया। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इस बात का ज्ञान हुआ तो आप ने नापसंद किया। आप ने इस की देयत भी अदा की और जो कुछ हज़रत ख़ालिद रज़ि ने उन से लिया था उस की क़ीमत अदा कर दी। अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को हज़रत ख़ालिद रज़ि के इस काम का इलम हुआ तो हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने हज़रत ख़ालिद रज़ि को कहा कि तुम ने उस को इसलिए क़तल किया कि उन्होंने तुम्हारे चाचा को क़तल किया था? हज़रत ख़ालिद रज़ि ने जवाब में सख़्ती से कहा कि उन्होंने तुम्हारे बाप को भी क़तल किया था। हज़रत ख़ालिद रज़ि ने मज़ीद कहा तुम जो हम से पहले ईमान ले आए तो तुम इन दिनों को बहुत लम्बा करना चाहते हो अर्थात उनसे तुम बड़ा फ़ायदा उठाना चाहते हो। अर्थात कि तुम इबतिदाई ईमान लाने वालों में से हो इसलिए बड़ा सम्मान समझते हो। इस वजह से मुझे यह बात कह रहे हो। यह बात नबी अक़रम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पहुंची क्योंकि

हज़रत ख़ालिद रज़ि ने ज़रा ग़ुस्सा और नाराज़गी का इज़हार किया था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जब यह बात पहुंची तो आप ने फ़रमाया मेरे अस्हाब को छोड़ दो। क़सम है इस ज़ात की जिसके हाथ में मेरी जान है अगर तुम में से कोई उहद पहाड़ जितना सोना भी ख़र्च करे तो उनके मामूली ख़र्च को भी नहीं पहुंच सकता। इन लोगों का यह बहुत बड़ा स्थान है।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 108-109)

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 479 अब्दुर्रहमान बिन औ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत

इन आरम्भिक सहाबा की क़ुर्बानियां बहुत ज़्यादा थीं उनका मुक़ाबला ही नहीं किया जा सकता। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के बारे में फ़रमाया कि वह मुस्लमानों के सरदारों के सरदार हैं और यह भी फ़रमाया कि अब्दुर्रहमान आसमान में भी अमीन है और ज़मीन में भी अमीन है।

(अल्इस्तेयाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 846 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल जैल बेरूत)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि कई बार इतने सख़्त बीमार हुए कि बेहोशी तारी हो गई। उनकी पत्नी के मुँह से चीख़ निकल गई अर्थात काफ़ी बुरी हालत हो गई तो इस ग़म की हालत में उनकी चीख़ निकली। बहरहाल जब उनको उस के बाद सेहत में बेहतरी भी आ गई। तबीयत में जब उनको इफ़ाक़ा हुआ तो कहने लगे कि मुझे जब बेहोशी छाई हुई थी तो मेरे पास दो आदमी आए। इस वक़्त जो नज़ारा मैंने देखा कि इस हालत में दो शख़्स आए और उन्होंने कहा चलो ग़ालिब अमीन ज़ात के सामने तुम्हारा फ़ैसला कराते हैं। तो इन दोनों को एक शख़्स और मिला, एक तीसरा शख़्स मिला और कहने लगा उसे मत ले जाओ क्योंकि यह माँ के पेट से ही नेक है। यह नज़ारा हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने अपने बारे में देखा।

(अल-असाब फ़ी तमीज़िस्सहाब भाग 4 पृष्ठ 291 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1995 ई)

नौफल बिन अयास हुज़ली कहते हैं कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि हमारी मज्लिस में बैठा करते थे। वह बेहतरीन साथी थे। एक दिन वह हमें अपने घर ले गए। नहा कर के बाहर आए और हमारे पास एक बर्तन लाए जिसमें रोटी और गोश्त था। फिर पता नहीं किया हुआ कि रोने लगे। हम ने पूछा अबू मुहम्मद आप क्यों रो रहे हैं। कहने लगे कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस हाल में दुनिया से विदा हुए कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के घर वाले ख़ाना जो की रोटी से सैर नहीं हुए अर्थात जो की रोटी भी पूरी तरह नहीं मिलती थी। फिर फ़रमाया कि मैं नहीं समझता कि जिस चीज़ के लिए हमें देरी मिली वह हमारे लिए बेहतर हो।

(अल-असाब फ़ी तमीज़िस्सहाब भाग 4 पृष्ठ 291 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलिमया बेरूत 1995 ई)

अर्थात हमें जो इतना समय ज़िन्दा रहने का अवसर मिला है यह हमारे लिए बेहतर है या कोई परीक्षा या इम्तिहान है। यह थे सहाबा की भवानाएं। एक तो अल्लाह तआला का ख़ौफ़ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके घर वालों के लिए भावनाओं का इज़हार। इन्हीं भावनाओं का सिर्फ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके ख़ानदान से सम्बन्ध नहीं था बल्कि सहाबा के लिए भी इस उदाहरण वाली मुहब्बत का यह इज़्हार होता था जो आपस में सहाबा को एक दूसरे से थी। इसी अन्तर्गत में एक घटना आती है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के पास एक दिन इफ़तारी के समय खाना लाया गया। विभिन्न तरह के खाने जब दस्तर ख़वान पर लगाए गए तो हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि ने एक लुक़मा उठाया। विभिन्न किस्म के खाने आए और एक लुक़मा इस में से आप ने खाने के लिए उठाया। जब लुक़मा मुँह में डाला तो रिक़्क़त छा गई और यह कह कर खाने से हाथ उठा लिए कि मसअब बिन उमैर रज़ि उहद में शहीद हुए। वह हमसे बेहतर थे। उनकी चादर का ही कफ़न पहनाया गया। अर्थात कफ़न के लिए कपड़ा नहीं था तो जो चादर उन्होंने ओढ़ी हुई थी उसी का कफ़न पहनाया गया और इस कफ़न की क्या हालत थी? अगर पांव ढाँकते तो सिर नंगा हो जाता था, सिर ढाँकते थे तो पांव नंगे हो जाते थे। फिर हज़रत अब्दुर्रहमान कहने लगे कि हमज़ा रज़ि शहीद हुए। वह भी मुझसे बेहतर थे लेकिन हमें माली फ़राख़ी और दुनियावी सुविधाएं प्रदान की गई और हमें इस से हिस्सा भरपूर मिला। मुझे डर है कि हमारी नेकियों का बदला हमें शीघ्र इस दुनिया में मिल गया। इस के बाद वह रोने लगे और खाना छोड़ दिया। यह ख़ौफ़ था। यह अल्लाह तआला की ख़शीयत थी।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ111-112)

उम्मुल मोमिनीन हज़रत उम्मे सलमा रज़ि से रिवायत है कि उनके पास हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि आए और कहा कि हे मेरी माँ मुझे अंदेशा है कि माल की अधिकता मुझे हलाक न कर दे क्योंकि मैं क़ुरैश में सबसे ज़्यादा मालदार हूँ। उन्होंने जवाब दिया बेटा ख़र्च करो अर्थात अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करो तो कोई हलाकत का सवाल नहीं। क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह कहते हुए सुना है कि मेरे कुछ साथी ऐसे भी होंगे कि मेरी उनसे जुदाई के बाद वह दोबारा मुझे कभी नहीं देख सकेंगे अर्थात कुछ लोग ऐसे होंगे कि इस मुक़ाम पर नहीं पहुंच सकेंगे। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि जब बाहर निकले तो रास्ते में हज़रत उमर रज़ि से मुलाक़ात हो गई। उन्होंने हज़रत उमर रज़ि को यह बात बताई तो हज़रत उमर रज़ि ख़ूद हज़रत उम्मे सलमा रज़ि के पास आए और कहा कि मैं आपको अल्लाह तआला की क़सम देकर पूछता हूँ कि मुझे बताईए कि क्या मैं उनमें से हूँ? यह जो आपने बताया था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि मुझ से नहीं मिलेंगे। जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दोबारा नहीं देख सकेंगे मैं उनमें से हूँ? हज़रत उम्मे सलमा रज़ि ने फ़रमाया नहीं। हज़रत उमर रज़ि को फ़रमाया कि नहीं आप उन में से नहीं हैं लेकिन आपके बाद में किसी के बाद यह नहीं कह सकती कि वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देख सकेंगे या नहीं।

(अल-इस्तेयाब फ़ी मअरफ़तिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 848-849 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल जैल बेरूत)

अर्थात किसी के बारे में यक़ीन से नहीं कह सकती कि आप को ज़रूर देखेंगे लेकिन यह भी वाज़िह हो जैसा कि पहले भी ज़िक्र हो चुका है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि तो उन लोगों में से हैं जो अशरा मब्शरा में से थे जिन को जन्नत की बिशारत भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दी थी लेकिन फिर भी उन लोगों में ख़ुदा तआला का ख़ौफ़ और ख़शीयत इतनी थी कि हर समय फ़िक्र में रहते थे और हज़रत उम्मे सलमा रज़ि की यह बात सुन कर भी आपने फ़ौरन बहुत ज़्यादा सदक़ा तथा ख़ैरात किया।

एक रिवायत है हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ि वर्णन करते हैं कि जब हज़रत उमर रज़ि शाम की तरफ़ निकले यहां तक कि वह सरग़ स्थान पर पहुंचे। सरग़ जो है वह शाम और हिजाज़ के सरहदी इलाक़ा में स्थित वादी तबूक की एक बस्ती का नाम है जो मदीना से तेरह रातों की दूरी पर है। अर्थात उस वक़्त जो सवारियों का प्रबन्ध था उनके साथ तेरह रातें निरन्तर चलते रहें तो इस की इतनी दूरी थी। वहां पहुंचे तो आपकी मुलाक़ात फ़ौजों के कमांडर हज़रत अबू उबैदह बिन अल्जर्राह रज़ि और उनके साथियों से हुई। यह घटना अठारह हिज्री में हज़रत उमर रज़ि के ख़िलाफ़त के युग में शाम की फ़ुतूहात के बाद का है। इन लोगों ने हज़रत उमर रज़ि को बताया कि शाम के मुल्क में ताऊन की महामारी फूट पड़ी है। हज़रत इब्न अब्बास रज़ि कहते हैं कि हज़रत उमर रज़ि ने कहा कि मेरे पास मश्वरे के लिए अव्वलीन मुहाजिरीन को बुलाओ। शुरू के जो मुहाजिरीन हैं उनको बुलाओ । वे क्या मश्वरा देते हैं। हज़रत उमर रज़ि ने उनसे मश्वरा किया मगर मुहाजिरीन में मतभेद हो गया। कुछ का कहना था कि इस मामला से पीछे नहीं हटना चाहिए अर्थात सफ़र जारी रखना चाहिए जबकि कुछ ने कहा कि इस लश्कर में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा किराम शामिल हैं और उनको इस महामारी में डालना मुनासिब नहीं। बेहतर यह है कि वापस चला जाए। हज़रत उमर रज़ि ने मुहाजिरीन को भिजवा दिया और फिर अन्सार को मश्वरे के लिए बुलाया। उनसे मश्वरा लिया मगर अन्सार की राय में भी मुहाजिरीन की तरह मतभेद हो गया। कुछ ने कहा वापस चले जाएं और कुछ ने कहा आगे चलें। हज़रत उमर रज़ि ने अन्सार को भिजवाया और फिर फ़रमाया क़ुरैश के बूढ़े लोगों को बुलाओ। क़ुरैश के इन बूढ़े

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस

ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उस के रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।

(ख़ुत्बा जुम्अ: 24 मई 2019 ई)

तालिबे दुआ

मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

लोगों को बुलाओ जो फ़तह मक्का के वक़्त इस्लाम क़बूल कर के मदीना आए थे। उनको बुलाया गया उन्होंने एक ज़बान हो कर मश्वरा दिया कि इन लोगों को साथ लेकर वापस लौट चलें। कोई ज़रूरत नहीं। वहां महामारी फूटी हुई है वहां जाने की ज़रूरत नहीं है और महामारी के इलाक़े में लोगों को न लेकर जाएं। हज़रत उमर रज़ि ने उनका मश्वरा मान के लोगों में वापसी का ऐलान करवा दिया। हज़रत अबू उबैदा बिन जर्राह रज़ि ने इस अवसर पर सवाल किया क्या अल्लाह की तक़दीर से फ़रार मुम्किन है? आप इस महामारी के डर से वापस जा रहे हैं तो यह तो अल्लाह की तक़दीर है, बीमारी फैली हुई है क्या आप इस से फ़रार हो सकते हैं। हज़रत उमर रज़ि ने हज़रत अबू उबैदह रज़ि से फ़रमाया कि हे अबू उबैदा काश तुम्हारे इलावा किसी और ने यह बात कही होती। हाँ हम अल्लाह की एक तक़दीर से फ़रार होते हुए अल्लाह ही की एक दूसरी तक़दीर की तरफ़ जाते हैं। फिर हज़रत उमर रज़ि ने आगे उनको उस की मिसाल दी कि अल्लाह तआला की तक़दीर किया है। मिसाल देते हुए फ़रमाया कि अगर तुम्हारे पास ऊंट हों और तुम उनको लेकर ऐसी वादी में उतरो जिसके दो किनारे हूँ। एक हरियाली वाली हो और दूसरा ख़ुशक तो क्या ऐसा नहीं कि अगर तुम अपने ऊंटों को हरी जगह पर चराओ तो वह अल्लाह की तक़दीर से है और अगर तुम उनको ख़ुशक जगह पर चराओ तो वह भी अल्लाह की तक़दीर से ही है। अब अल्लाह की तक़दीर ने तुम्हारे ऊपर दो ऑपशन दे दिए हैं एक हरी चरागाह है एक जहां बिलकुल ख़ुशक जगह है, बंजर है, इक्का दुक्का झाड़ियाँ हैं या थोड़ा बहुत घास है। अब तुम कह दो कि यह सब्ज़ा अपनी तक़दीर से उगा है और यह जो ख़ुशकी है वो किसी और तक़दीर से है। यह दोनों अल्लाह तआला की तक़दीरें हैं। अब तुमने फ़ैसला करना है। कौन सी बेहतर ऑपशन लेनी है। ज़ाहिर है तुम हरी जगह पर चराओगे। रावी कहते हैं कि हज़रत उमर रज़ि ने उनको यह बातें कहीं। इस के बाद कहते हैं कि इतने में हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि भी आ गए जो पहले अपनी किसी व्यस्तता की वजह से हाज़िर नहीं हो सके थे। उन्होंने निवेदन की कि मेरे पास इस मसले का इल्म है। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने कहा आप लोगों से मश्वरा ले रहे हैं मैं बताता हूँ मुझे इस का इलम है। मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह फ़रमाते हुए सुना है कि जब तुम किसी जगह के बारे में सुनो कि वहां कोई महामारी फूट पड़ी है तो वहां मत जाओ और अगर कोई बीमारी किसी ऐसी जगह पर फूट पड़े जहां तुम रहते हो तो वहां से फ़रार होते हुए बाहर मत निकलो। जहां महामारी फूट पड़ी है वहां जाना नहीं और जिस इलाक़े में रहते हो वहां महामारी है तो फिर वहां से इस वक़्त बाहर न निकलो और अपने आपको वहीं रखो ताकि वह मर्ज़ और महामारी जो है वो बाहर दूसरे लोगों में न फैले।

आजकल लॉक डाउन में दुनिया इस पर जो अनुकरण कर रही है जिन्होंने वक़्त पर किया वहां काफ़ी हद तक इस को सीमित कर लिया। बीमारी को contain कर लिया। जहां नहीं कर सके और लापरवाई की वहां यह फैलती जा रही है। बहरहाल यह बुनियादी बात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने शुरू में अपने सहाबा को बता दिया। इस पर हज़रत उमर रज़ि ने अल्लाह तआला की प्रशंसा वर्णन की और वापस लौट गए।

(सही बुख़ारी किताबुल तिब बाब मा युज़िकर फित्ताऊन हदीस नम्बर 5729)

